लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2609
04 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र आयोग

2609. श्री संतोष पांडेयः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजनांदगांव जिले में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र आयोग के नियंत्रणाधीन भूमि के एकड़ में क्षेत्रफल का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का उक्त भूमि पर किसी प्रकार का उद्योग या व्यवसाय स्थापित करने का विचार है; और

(ग) क्या सरकार का उक्त रिक्त भूमि को राज्य सरकार को या किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपलब्ध कराने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क से ग): राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) ने राजनांदगांव जिले या देश के किसी अन्य जिले में भूमि के किसी भी खंड का अधिग्रहण नहीं किया है। इस मिशन को वस्त्र मंत्रालय द्वारा देश में तकनीकी वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है, जो विशेष फाइबर जैसे कार्बन फाइबर, एरामिड फाइबर, नायलॉन, कंपोजिट आदि के साथ-साथ तकनीकी वस्त्र के विभिन्न सेगमेंट जैसे जिओ-टेक्सटाइल्स, एग्रो-टेक्सटाइल्स, मेडिकल टेक्सटाइल्स आदि के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार और मशीनरी के स्वदेशी विकास; उपयोगकर्ताओं के बीच जागरूकता को बढ़ावा देने; तकनीकी वस्त्र के भारत के निर्यात को बढ़ाने; और अपेक्षित कौशल के साथ मानव संसाधन का निर्माण करने के द्वारा लक्षित समूहों पर केंद्रित है। इसके अलावा, मिशन के तहत दी गई वित्तीय सहायता में किसी भी इकाई या परियोजना के लिए भूमि की खरीद या अधिग्रहण शामिल नहीं है। मिशन के विभिन्न घटकों के विस्तृत दिशानिर्देश https://nttm.texmin.gov.in. पर उपलब्ध हैं।

***